(vi) Need to constitute a Legislative Assembly for Daman, Silvasa and Diu

श्री काशीराम राणा (सूरत) : अध्यक्ष महोदय, सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान दमन, सिलवासा एवं द्वीव की तरफ दिलाना चाहता हूं। यहां पर जो विधान सभा सदस्य थे वह गोवा राज्य से जुड़े हुए थे परन्तु अब इन छोटे प्रदेशों की जनता विधान सभा के सदस्यों को चुनने के अधिकार से वंचित है एवं इन तीनों छोटे प्रदेशों में प्रशासक के द्वारा शासन होता है जो प्रजातंत्र के अनुकूल नहीं है। जब भारत के सभी राज्यों एवं छोटे प्रदेशों को अपने विधान सभा के सदस्य चुनने का अधिकार है तो इन तीनों छोटे प्रदेशों के लोगों को भी यह अधिकार मिलना चाहिए। विधान सभा का प्रतिनिधि न होने से यहां के लोगों की समस्याओं का समाधान ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है क्योंकि प्रशासक तो अपने हिसाब से एवं अपनी इच्छानुसार शासन करते हैं।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि दमन, सिलवासा एवं द्वीव में प्रशासकों की जगह वहां पर विधान सभा का सृजन करे, जिससे लोगों की भावनाओं के अनुसार शासन हो सके, जो प्रजातंत्र का प्रमुख स्तंभ है।